## आज का पंचांग

▪ पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत्** : चैत्र, कृष्ण पक्ष दशमी रविवार सायं 06:05 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2078, शाके 1944, हिजरी 1443, मुस्लिम माह सावान, तारीख 23, सूर्य उत्तरायण, बसंत ऋतु, 27 मार्च।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र**
उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दोपहर 01:32 तक रहेगा, इसके बाद श्रवण नक्षत्र रहेगा। शिव योग रात्रि 08:15 तक रहेगा, इसके बाद सिद्ध योग रहेगा। वणिज करण प्रातः 07:03 तक रहेगा, इसके बाद विष्टि करण रहेगा।

**ग्रह विचार** (प्रातः 05:30)
सूर्य-मीन, चंद्र-मकर, मंगल-मकर, बुध-मीन, गुरु-कुंभ, शुक्र-मकर, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में स्थित है।

**शुभाशुभ ज्ञानम्**
भद्रा प्रातः 07:03 से सायं 06:05 तक, दशामाता व्रत।

**दिशाशूल : पश्चिम दिशा**
यदि जरूरी हो तो छुआरा खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**राहुकाल**
सायं 04:30 से 06:00 तक रहेगा।

**चौघड़िया मुहूर्त**
प्रातः 07:59 से 09:30 तक चर का चौघड़िया, प्रातः 09:30 से 12:32 तक लाभ व अमृत का चौघड़िया, दोपहर 02:04 से 03:35 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष**
आज रविवार को सूर्य नारायण भगवान का विधि-विधान से पूजन करके व्रत करें और बिना नमक का भोजन करें तो ऐश्वर्य व यश मिलता है। आज शिव योग में कपूर का दान करना शुभ फलदायी होता है।

### आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 06:27 | उत्तराषाढ़ा | 3 | ताम्र | मकर | ज |
| 07:50 | उत्तराषाढ़ा | 4 | ताम्र | मकर | जी |
| 13:32 | श्रवण | 1 | ताम्र | मकर | खि |
| 19:14 | श्रवण | 2 | ताम्र | मकर | खू |
| 24:57 | श्रवण | 3 | ताम्र | मकर | खे |

## इनामी फिल्म पहेली : 989

**बाएं से दाएं**

1. पल्लवी जोशी, दर्शन कुमार, मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर, चिन्मय मंडलेकर की एक फिल्म (1,3,3)
4. सलमान खान, दिशा पाटनी, मेघा आकाश, सपना पब्बी, रणदीप हुडा की फिल्म (2)
5. विनोद मेहरा, रीना राय, महमूद, ओमप्रकाश की फिल्म (4)
7. अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ, किमी काटकर, फरहा, कादर खान, रजा मुराद की फिल्म (2,3)
10. ऋषि कपूर, अश्विनी भावे, वर्षा उसगांवकर, मोहनीश बहल, कादर खान की फिल्म (4)
11. राजीव कपूर, डिम्पल कपाड़िया, आशा पारेख, राज बब्बर, धर्मेंद्र की फिल्म (2)
14. अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, अजय देवगन, ऐश्वर्या राय, लारा दत्ता की फिल्म (2)
15. अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, प्रियंका चोपड़ा, बोमन इरानी, राजपाल यादव की फिल्म (2)
16. शाहरुख खान, माहिरा खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, फरहान अख्तर की फिल्म (3)
18. कुणाल गोस्वामी, श्रीदेवी, श्रीराम लागू, महमूद की फिल्म (4)
21. सनी देओल, सलमान खान, करिश्मा कपूर, तब्बू, राजीव खंडेलवाल की फिल्म (2)
22. शत्रुघ्न सिन्हा, रीना राय, सुभाष घई, अजीत, डैनी, प्रेमनाथ की फिल्म (5)
24. अमिताभ बच्चन, शत्रुघ्न सिन्हा, जीनत अमान, प्राण की एक फिल्म (3)
25. धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, प्राण, अशोक कुमार, फरीदा जलाल की फिल्म (2,3)

**ऊपर से नीचे**


1. विद्युत जामवाल, सोनल चौहान, श्रुति हासन, युविका चौधरी, प्रतीक बब्बर की फिल्म (1,3)
2. 'अंखियां मिला के जिया भरमा के चले नहीं जाना' गीत वाली फिल्म (3)
3. मिथुन चक्रवर्ती, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, अमृता सिंह, अमरीश पुरी की फिल्म (3)
4. शाहरुख खान, जूही चावला, विवेक मुशरान, पंकज कपूर, गुलशन ग्रोवर की फिल्म (4)
6. सनी देओल, ऋषि कपूर, मीनाक्षी, अमरीश पुरी की फिल्म (3)
8. अनिल, श्रीदेवी, रवीना, अनुपम खेर, शक्ति कपूर की फिल्म (3)
9. अक्षय कुमार, करिश्मा कपूर, शिल्पा शेट्टी, आदित्य कपाड़िया, जॉनी लीवर की फिल्म (4)
12. ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ, वाणी कपूर, अनुप्रिया गोयनका, दीपानिता शर्मा की फिल्म (2)
13. अक्षय कुमार, अदिति राव हैदरी, अमिताभ बच्चन, मिथुन चक्रवर्ती, सोनाक्षी की फिल्म (2)
17. अनिल कपूर, विजयाशांति, आशा सचदेव, भारती अचरेकर की फिल्म (3)
19. फिल्म 'माई नेम इज खान' के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार किसे मिला था (3)
20. राजेश खन्ना, बबीता, प्रेम चोपड़, ओमप्रकाश की फिल्म (2)
21. जैकी श्रॉफ, संजय दत्त, अनुपम खेर, अमरीश पुरी, सोनम, फरहा की फिल्म (2,1)
22. अमिताभ, परवीन बाबी, अमजद खान, प्राण की फिल्म (3)
23. शशि कपूर, विनोद मेहरा, सुलक्षणा, प्राण की फिल्म (3)

### इनामी फिल्म पहेली क्रमांक-989

नाम ..........................................................
पता ..........................................................
..........................................................
पिन .................... मोबाइल ....................................

फिल्म पहेली क्रमांक-989
संपादक, **दैनिक भास्कर,** 10, जेएलएन मार्ग जयपुर

### फिल्म पहेली : 989



### फिल्म पहेली 987 का हल



### नियम एवं शर्त

- प्रतियोगिता में भास्कर परिवार के सदस्य भाग नहीं ले सकते।
- प्राप्त सही प्रविष्टियों में ऱ्रसे लॉटरी से चयनित पांच विजेताओं को 251 रु. के पांच पुरस्कार दिए जाएंगे। विजेताओं को पुरस्कार राशि चैक द्वारा उनके दिए हुए पते पर भिजवाई जाएगी।
- आपकी प्रविष्टियां हमें दिनांक 09.04.2022 (शनिवार) तक प्राप्त हो जानी चाहिए।
- विजेताओं के नाम इस पहेली के हल के साथ दिनांक 10.04.2022 (रविवार) के अंक में प्रकाशित किए जाएंगे।
- अपनी प्रविष्टियां हमें ऊपर लिखे पते पर भेजें।

### फिल्म पहेली 987 के विजेता

इस फिल्म पहेली में अनेक पाठकों की उत्साहजनक भागीदारी रही। पाठकों ने फिल्म पहेली का हल भेजा है, अतः ड्रॉ द्वारा निकाले गए पांच भाग्यशाली विजेता हैं-
▪ ब्रह्मानन्द, महेन्द्रगढ़ ▪ नरेन्द्र जैन, शाजापुर
▪ मालीराम खदा, सीकर ▪ सोनिका उप्रेती, जयपुर
▪ दिनेश कुमार शर्मा, बठिंडा

**फिल्म पहेली 987 के सभी विजेताओं को भास्कर की तरफ से 251 रुपए के चेक भिजवाए जा रहे हैं।**

---

**भास्कर एक्सक्लूसिव** ▪ यूक्रेन रिटर्न छात्रों की अधूरी पढ़ाई के लिए नाटो के सदस्य देशों से सरकार की बातचीत जारी

# राजस्थान सरकार की पहल; यूक्रेन से लौटे छात्रों की मेडिकल पढ़ाई पूरी कराएगी यूएई और पोलैंड की यूनिवर्सिटी

प्रमोद कुमार शर्मा | जयपुर

राजस्थान सरकार की पहल पर यूएई की गल्फ मेडिकल यूनिवर्सिटी और पोलैंड के संस्थानों ने यूक्रेन से लौटे छात्रों की मेडिकल की पढ़ाई पूरी कराने का प्रस्ताव दिया है। इसके अलावा राज्य सरकार जर्मनी, इंग्लैंड समेत नाटो के सदस्य देशों से भी छात्रों को मेडिकल कॉलेजों में दाखिला दिलाने के लिए बातचीत कर रही है। वहीं, यूएई और पोलैंड से मिला प्रस्ताव केंद्र सरकार और मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के पास विचाराधीन है। इनको जल्द ही ग्रीन सिग्नल मिलने की उम्मीद है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देशभर में 18 हजार छात्र हैं, जो यूक्रेन से मेडिकल की पढ़ाई अधूरी छोड़कर लौटे हैं। इनमें राजस्थान के छात्रों की संख्या लगभग एक हजार और जयपुर के करीब 70 है। काबिलेगौर है कि छात्रों की पढ़ाई पूरी कराने की पहल करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।

### जोधपुर में यूक्रेन रिटर्न छात्रों की मांग- भारत में खाली सीटों पर प्रवेश दो

सीएम अशोक गहलोत यूक्रेन से लौटे छात्रों के साथ जल्द ही मिलकर उनकी समस्याओं को जानेंगे। शनिवार को जोधपुर में जनसुनवाई में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिलकर छात्रों ने अपनी पीड़ा बताई और आग्रह किया कि उन्हें भारत के ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश दे दिया जाए, ताकि वे अपनी अधूरी पढ़ाई पूरी कर सकें। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यूक्रेन में निकट भविष्य में मेडिकल की पढ़ाई फिर से शुरू होने के कोई आसार नहीं है। ऐसे में उनका भविष्य खराब हो जाएगा।



### गल्फ यूनिवर्सिटी, अजमान से पहला प्रस्ताव, फाउंडर ने पहल को सराहा

राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि गल्फ यूनिवर्सिटी, अजमान के संस्थापक कर्नाटक के मूल निवासी थुंबे मोईदीन हैं। उन्होंने राजस्थान की छात्रों की अधूरी पढ़ाई पूरी कराने की सकारात्मक पहल को सराहा है। उनकी यूनिवर्सिटी छात्रों को हरसंभव सहयोग को तैयार है। उनका कहना था कि उनके गृह प्रदेश को पहल करनी चाहिए थी।



*यूक्रेन से लौटे छात्रों को यूएई, पोलैंड और नाटो के सदस्य देशों स्थित मेडिकल कॉलेजों में खाली सीट्स पर प्रवेश दिलाया जाएगा। केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने के बाद फीस और अन्य मसलों पर चर्चा की जाएगी। राजस्थान फाउंडेशन एक वेबसाइट तैयार कर रहा है, जिसके माध्यम से 140 देशों में पढ़ रहे राजस्थान के छात्र, अभिभावक और सरकार एक बटन दबाकर एक-दूसरे से संपर्क कर सकते हैं।*
**- धीरज श्रीवास्तव,** आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन

### भास्कर EXPLAINER

***यूक्रेन में छूट चुकी पढ़ाई भारत या अन्य देशों में फिर जीरो से शुरू होगी?***
नहीं, जहां से पढ़ाई ब्रेक हुई है, वहीं से ही आगे की पढ़ाई कराई जाएगी।

***एजुकेशन लोन का क्या होगा? छात्रों को दोबारा फीस भरनी पड़ेगी क्या?***
राज्य सरकार प्रयास कर रही है कि छात्रों पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आए। केंद्र सरकार से प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद फीस को लेकर रोडमैप तैयार किया जाएगा।

***आगे की पढ़ाई कब तक शुरू होगी? क्या यह साल बर्बाद हो जाएगा?***
राज्य सरकार इस मसले को जल्द से जल्द सुलझाना चाहती है। इसके लिए केंद्र सरकार व नेशनल मेडिकल काउंसिल से बातचीत जारी है। उम्मीद है कि जल्द ही इस पर कोई ठोस निर्णय हो जाएगा।

### छात्रों पर नहीं आएगा भार

***▪ राजस्थान में 26 सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज हैं। इनमें 4705 एमबीबीएस सीटें हैं। हर साल राजस्थान से 1.16 लाख स्टूडेंट्स नीट यूजी प्रवेश परीक्षा देते हैं। प्रवेश सिर्फ 4% को ही मिल पाता है। देशभर से नीट यूजी में 1.61 लाख छात्र बैठते हैं। भारत में 541 मेडिकल कॉलेज हैं, जिनमें 278 सरकारी तथा 263 निजी हैं।***

▪ सरकारी मेडिकल कॉलेज में 5 साल में ₹3.10 लाख खर्च होते हैं, वहीं प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों में सामान्य सीट पर खर्चा 1.10 करोड़ होता है। मैनेजमेंट कोटे में ₹1.46 करोड़ लगते हैं। वहीं, यूक्रेन व अन्य देशों में कुल फीस 20 से 35 लाख रुपए तक है।

---

## सोरसन में काले हिरणों की लंबी छलांग...दो साल में 1550 से 2000 हुए



**कोटा।** काले हिरणों के नाम से हाड़ौती में तालछापर के रूप में पहचान रखने वाले सोरसन में पिछले दो साल में काले हिणों की संख्या में करीब 450 का इजाफा हुआ है। वर्ष 2020 में जहां काले हिरणों की संख्या 1550 थी जो वर्ष 2022 में बढ़कर करीब दो हजार हो चुकी है। इसके अलावा आसपास के एरिया में भी काफी संख्या में काले हिरण हैं। डीसीएफवी चेतन कुमार ने बताया कि यहां संख्या काफी बढ़ी है लेकिन, बाद में ये हिरण यहां से अन्य जगहों पर भी माइग्रेट हो जाते हैं।



एक मादा ब्लैक बक को हवा में छलांग मारते हुए का यह फोटो पक्षी विशेषज्ञ **सुनील सिंघल** ने भास्कर को उपलब्ध करवाया है। उन्होंने अपने चार सैकंड के इस शॉट में हिरण को ऊंची छलांग मारते हुए कैमरे में क्लिक किया है। कोटा की आर्ट गैलरी में रविवार से लगने वाली एग्जीबिशन में विशेष तौर पर यह फोटो लगाया जाएगा।

---

राजस्थान कांग्रेस में अब से पहले हुई नियुक्तियों में सदस्यों को लेकर **नहीं थमे विवाद**

# राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची होगी जारी, 100 से ज्यादा मेंबर्स बनाएंगे

सौरभ भट्ट | जयपुर

बजट सत्र के बाद राजस्थान कांग्रेस में राजनीतिक नियुक्तियों का दौर फिर से शुरू होगा। विभिन्न बोर्ड-आयोगों में पदाधिकारियों की तैनाती के बाद अब मेंबर्स की नियुक्तियां होनी बाकी हैं। अब तक राजनीतिक नियुक्तियों की दो सूची जारी हो चुकी हैं। इनमें पहली सूची में 44 बोर्ड व आयोगों में 58 नेताओं को विभिन्न पद दिए गए, वहीं दूसरी सूची में 74 नियुक्तियां और कर दी गईं। इसमें 67 मेंबर शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक तीसरी सूची में 100 से ज्यादा मेंबर्स की नियुक्ति होनी है। हालांकि अब तक जिन बोर्ड और आयोगों में राजनीतिक नियुक्तियां हुई हैं उसमें कुछ नियुक्तियां तकनीकी पेंच में फंस गई तो कुछ विवादों की भेंट भी चढ़ गई।

वरिष्ठ नागरिक कल्याण बोर्ड में पूर्व विधायक सुमित्रा आर्य और राजस्थान एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड में राजेश टंडन को उपाध्यक्ष घोषित किया गया था, लेकिन दोनों ही बोर्डों में उपाध्यक्षों के पद ही सृजित नहीं होने की वजह से इनकी जॉइनिंग अब तक नहीं हो पाई। हालांकि कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि दोनों बोर्डों में उपाध्यक्ष के पद फाइल पर स्वीकृत कर दिए गए हैं और जल्द ही इन्हें नियुक्ति दे दी जाएगी। हालांकि इन दोनों बोर्डों को छोड़कर शेष सभी बोर्ड और आयोगों में ज्यादातर पदाधिकारियों की जॉइनिंग हो चुकी है, लेकिन सदस्यों की नियुक्ति को लेकर विवाद जारी है। इसकी बड़ी वजह कम महत्व की नियुक्ति को माना जा रहा है। इसके चलते ज्यादातर बोर्ड और आयोगों के सदस्यों ने इन नियुक्तियों में दिलचस्पी ही नहीं दिखाई।

### इन बोर्डों में है विवाद

▪ समाज कल्याण बोर्ड-उपाध्यक्ष मीनाक्षी चंद्रावत ने अब तक ज्वाइन नहीं किया है। हालांकि वे अगले सप्ताह ज्वाइन करने जा रही हैं। वहीं बोर्ड के सदस्य के रूप में रुक्षमणी कुमारी और चयनिका उनियाल ने भी अब तक ज्वाइन नहीं किया है।
▪ सेंटर फार डवलमेंट ऑफ वॉलिंट्री सैक्टर में उपाध्यक्ष मान सिंह गुर्जर ने अब तक ज्वाइन नहीं किया।
▪ पायलट खेमे के दो नेता राजेश चौधरी और सुशील आसोपा तो खुलकर असंतोष जाहिर कर चुके हैं।
▪ बंजर भूमि विकास बोर्ड सदस्य पूर्व विधायक घनश्याम मेहर, व्यापार कल्याण बोर्ड सदस्य ज्योति खंडेलवाल और राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के सदस्य करण सिंह उचियारड़ा नाराज बताए जा रहे हैं।



### पूर्व सरपंच के घर से 40 लाख के जेवर और 2.50 लाख रु. की नकदी चोरी

**खंडेला (सीकर)** | इलाके के दायरा ग्राम में पूर्व सरपंच फतेह मोहम्मद के परिवार के घर से 40 लाख के जेवरात व 2.50 लाख रुपए चोरी हो गए। सूचना के बाद खंडेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वायड व एफएसएल की टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि दायरा के पूर्व सरपंच फतेह मोहम्मद के परिवार के सदस्य वृद्धा का इलाज करवाने जयपुर गए थे। इसी का फायदा उठाकर चोर मकान में घुसे और जेवरात से भरा बक्सा ले गए। पीड़ित परिवार के सदस्य डॉ. नावेद हसन ने बताया कि कोटड़ी में रखे बक्से में करीब 52.5 तोला सोने के गहने, एक किलो चांदी के जेवरात व दो लाख 50 हजार रुपए की नकद थे। वारदात को अंजाम देने मकान में घुसे चोर बक्से सहित जेवरात ले गए। खंडेला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## स्टेट विंडो

### बारां: बिजली के तारों में स्पार्किंग से 8 बीघा गेहूं की फसल जली

**(बारां)** | क्षेत्र के खल्दी गांव स्थित गेहूं के खेत में शनिवार सुबह साढ़े 11 बजे अचानक आग लग गई। इससे करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जल गई। सूचना पर ग्रामीणों ने मशक्कत से काबू पाया। ग्रामीणों ने खेत के पास से गुजर रहे बिजली तारों में स्पार्किंग से आग लगने की आशंका जताई है। सरपंच रामदयाल मीणा ने बताया कि अचानक लगी आग से खल्दी गांव निवासी हरिओम चौधरी की करीब 8 बीघा गेहूं की फसल जल गई।



### धौलपुर: मृतक इंजीनियर के खाते से भाई ने निकाले ₹36.50 लाख

**बसई नवाब (धौलपुर)** | कस्बे से सटे आगरा जिले के कस्बा खेरागढ़ में एक व्यक्ति ने अपने मृतक भाई के आईसीआईसीआई बैंक खाते से षड्यंत्र रचकर 36 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए। शिल्पी गर्ग पत्नी अमित सिंघल ने केस दर्ज कराया कि उसके पति म्यूनिख (जर्मनी) में इंजीनियर थे। कोरोना के कारण हैदराबाद के किम्स हॉस्पिटल में 26 अगस्त,21 को उनकी मौत होने के बाद ससुरालवालों ने उसका स्त्रीधन छीन लिया और जेठ प्रवीण सिंघल ने षड्यंत्र रचकर उसके पति के डीमेट अकाउंट से 36.50 लाख रुपए ससुर के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए।

### सीकर: घूस के 9600 रु. लेकर फरार ठेकेदार तीन फीट गड्ढे में छिपा मिला

**सीकर** | सात माह पहले अगस्त, 2021 में रिश्वत के 9600 रुपए लेकर फरार हुए ठेकेदार को झुंझुनूं एसीबी टीम ने उसके गांव से गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भिजवा दिया है। आरोपी एसीबी से बचने के लिए गटर की कुई के पास खोदे गए तीन फीट गहरे गड्ढे में छिपा था। प्रकरण में शामिल सरपंच का पिता नारायणलाल फरार होने में कामयाब हो गया। झुंझुनूं एसीबी के एएसपी इस्माइल खान ने बताया कि रुल्याणी में नेछवा पुलिस की मदद से ठेकेदार भंवरलाल को गिरफ्तार किया है। आरोपी से रिश्वत के 9600 रुपए बरामद कर जयपुर कोर्ट में पेश करने पर उसे जेल भिजवा दिया है।

---

### भास्कर Insight

## आदेश जारी करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को दो प्राचार्य बदलने पड़े

ईसीबी में 18 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने का मामला राजनीतिक चश्मे से भी देखा जा रहा है। इस आदेश को जारी करने के लिए तकनीकी शिक्षा विभाग को दो प्राचार्य बदलने पड़े। तत्कालीन प्राचार्य जयप्रकाश भामू के वन मंत्री का विशिष्ट सहायक बनने के बाद तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव राजेश कुमार चौहान ने 8 मार्च को ईसीबी प्राचार्य को पत्र लिखकर 18 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के आदेश दिए थे। 15 मार्च को प्राचार्य का चार्ज एसोसिएट प्रोफेसर संजीव जैन को दिया गया। लेकिन एक सप्ताह बाद ही 22 मार्च को जैन के स्थान पर चार्ज असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुड़ी को दे दिया गया। जबकि कुड़ी से सीनियर अधिकारी कॉलेज में थे। कुड़ी ने चार्ज मिलने के बाद कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त के आदेश लागू कराए। कर्मचारियों को निकालने के पीछे राजनीतिक कारण भी बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि निकाले गए नियमित कर्मचारी संघ लॉबी से थे। जबकि कांग्रेस लॉबी से जुड़े 17 कर्मचारी संविदा पर लगे हुए हैं। दरअसल इन नियुक्तियों को लेकर काफी शिकायतें हुई थीं। तकनीकी शिक्षा विभाग की सतर्कता जांच में नियुक्तियों में अनियमितताएं उजागर हुई। उन्हें अवैध माना गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया तो सुप्रीम कोर्ट ने छह महीने में भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश चार अक्टूबर 2021 को अपने फैसले में दिए थे। उसके बाद एडिशनल एडवोकेट जनरल डॉ. मनीष सिंघवी ने 18 फरवरी 2022 को तकनीकी शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव को लिखा कि 18 कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के बाद ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले की पालना के तहत नई भर्ती की जा सकती है।

**2018 में हुई थी नॉन टीचिंग 18 कार्मिकों की नियुक्ति :** ईसीबी कॉलेज में जुलाई 2018 में नॉन टीचिंग 18 कर्मचारियों की नियुक्तियां की गई थीं। इनमें सहायक कुल सचिव, सहायक रजिस्ट्रार, सहायक लाइब्रेरियन, भंडार इंचार्ज सहित विभिन्न पदों पर कर्मचारियों को लगाया गया था। दो साल प्रोबेशन काल पूरा होने के बाद इनका वेतन फिक्सेशन करना था।

**ईसीबी कर्मियों को हटाने पर पहले भी हो चुका विवाद :** वर्ष 2014 में तत्कालीन प्राचार्य ने एडहोक पर लगे 17 नॉन टीचिंग कर्मचारियों को हटाया था। इसे लेकर अब तक विवाद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 2018 में नई भर्ती की गई, जिसमें इन 18 लोगों की नियुक्ति के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में चार सदस्यों की कमेटी बनाई थी। जुलाई में नियुक्ति आदेश जारी हुए।

## एनएमआईएमएस ने चार ग्लोबल विवि के साथ एमओयू साइन किया

**मुंबई** | एसवीकेएम के नरसी मोनजी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (एनएमआईएमएस) डीम्ड-टू-बी-यूनिवर्सिटी ने घोषणा की कि उसने शैक्षिक और अकादमिक के माध्यम से व्यवसाय और पेशेवर उत्कृष्टता में सुधार के लिए चार वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौता ज्ञापन बहुस्तरीय सामान्य लाभों के लिए शैक्षिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देंगे। वर्ना यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट (बुल्गारिया), द यूनिवर्सिटी ऑफ ज़ारागोज़ा (स्पेन), यूनिवर्सिटी ऑफ़ लिबरल आर्ट्स (बांग्लादेश), और डैफोडिल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (बांग्लादेश) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। एसवीकेएम के एनएमआईएमएस के कुलपति डॉ. रमेश भट ने कहा, "संघ भागीदारों की मदद से शुरू की गई सद्भाव परियोजना, प्रत्येक परियोजना देश में उच्च शिक्षा की क्षमता को मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। वर्ना प्रबंधन विश्वविद्यालय, एसोसिएट प्रोफेसर टोडर रादेव ने कहा, "चूंकि वर्ना प्रबंधन विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीयकरण और शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के सिद्धांतों पर गहराई से प्रतिबद्ध है, हमें 200 से अधिक के सक्रिय अकादमिक भागीदारों के व्यापक और परिष्कृत नेटवर्क पर गर्व है।

## पेज 1 का शेष...

### रातोरात हवेली से टेंट में पहुंचीं

घर छोड़ने के बाद जम्मू के कैंप में बहुत कुछ झेला। हम दो बहनों और एक भाई ने टेंट में रहकर पढ़ाई की। भाई एयरफोर्स में है और बहन को रिहैबेलिशन प्रोग्राम में टीचर की नौकरी मिली है। वह घाटी के रिहैबेलिशेन सेंटर में ही रहती हैं। बिंदू रोते हुए बताती हैं कि हमारी तकलीफों का कोई अंदाजा नहीं लगा सकता। सरकारों ने हमारे लिए कुछ नहीं किया। मैं माइग्रेंट थीं, शादी के बाद मेरा दर्जा छीन लिया गया। सरकारी नौकरी के लिए ओवरएज हो गई तो निजी स्कूल में पढ़ाने लगी हूं। कुछ साल पहले पिता जी जम्मू से आए, तब हम अपने पुश्तैनी गांव वुच गए भी गए थे। जिस घर में हम रहते थे, उसे आतंकियों ने आग लगाकर तबाह कर दिया था। वह आज भी खंडहर।

### पंजाब मॉडल पर प्रदेश में चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में आप

**जयपुर** | पंजाब में जीत के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने अब उसी मॉडल पर राजस्थान में चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर रही है। दिल्ली के द्वारका से विधायक विनय मिश्रा को राजस्थान का चुनाव प्रभारी बनाकर पार्टी ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश भर में चुनावों के लिहाज से संगठन तैयार करने का ब्लू प्रिंट बनाया है। आप का फोकस अभी उन क्षेत्रों पर है, जहां लोग कांग्रेस-बीजेपी दोनों से नाराज हैं।

### राजे ने रक्षा मंत्री राजनाथ से दिल्ली में की मुलाकात

**जयपुर** | पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे की शनिवार को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से दिल्ली में मुलाकात हुई। सरकारी आवास पर हुई इस मुलाकात में राजस्थान के विकास को लेकर चर्चा हुई। इससे पूर्व राजे की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से संसद भवन स्थित उनके कार्यालय में मुलाकात हुई थी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के शपथ ग्रहण समारोह में भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेताओं से उनकी मुलाकात हुई थी।



**रेलवे भर्ती सेल**
**पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर**

**वर्ष 2021-22 के लिये खेलकूद कोटा के अन्तर्गत भर्ती**

**रोजगार सूचना सं.-एनईआर/आरआरसी/एसक्यू/2021-22**
**दिनांक 26-03-2022, आनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि: 25-04-2022**

पूर्वोत्तर रेलवे में वर्ष 2021-22 के लिये खेलकूद कोटा के अन्तर्गत विभिन्न खेलों में लेवल-2/3 (ग्रेड पे-1900/2000) के 16 पदों तथा लेवल-4/5 (ग्रेड पे-2400/2800) के 05 पदों हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

विस्तृत सूचना के लिये दिनांक 26-03-2022 का रोजगार समाचार/इम्पलायमेन्ट न्यूज तथा पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in देखें।

अध्यक्ष
रेलवे भर्ती सेल, गोरखपुर

मुजाधि/आर.आर.सी-02

**कार्यालय कार्यक्रम अधिकारी (महानरेगा)**
**पंचायत समिति बिलाड़ा (जोधपुर)**

क्रमांक /पसबि/महानरेगा/निविदा/21-22/1143 दिनांक : 24.3.2022

**संशोधित निविदा सूचना**

महानरेगा योजनान्तर्गत इस कार्यालय से जारी निविदा सूचना संख्या 1117 दिनांक 14.03.2022 के द्वारा निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 25.03.2022 को रखी गई थी किन्तु दिनांक 25.03.2022 को जोधपुर जिले में राजकीय अवकाश होने के कारण उपरोक्त निविदा की अंतिम तिथि दिनांक 28.03.2022 तक बढाई जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.03.2022 को 12 बजे तक विक्रय किये जायेगे तथा 2 बजे तक प्राप्त किये जायेगे तथा निविदा उसी दिन सायं 4.00 बजे खाली जायेगी। निविदा की शेष शर्ते यथावत रहेगी।

**विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी**
**पंचायत समिति बिलाड़ा**